

Class 5 Sample Paper 2024

AGLASEM.COM

aglasem.com

अभ्यास प्रश्न पत्र (सत्र :2023-24)

कक्षा – V

विषय - हिन्दी

समय: 2 घंटे

पूर्णांक - 50

सामान्य निर्देश:

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं|
2. इस प्रश्न पत्र के चार भाग हैं|
   भाग-1 : पठन (10 अंक)
   भाग-2 : लेखन (10 अंक)
   भाग-3 : व्याकरण (10 अंक)
   भाग-4 :पाठ्यपुस्तक (20 अंक)

भाग-1 : पठन (10 अंक)

आजकल बच्चों से जुड़े सड़क दुर्घटना के मामले काफी बढ़ते जा रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, सड़क पर पैदल चलने वाले बच्चों में सड़क दुर्घटना होने का जोखिम अधिक होता है। सड़क पर चलते समय किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना चाहिए। बच्चों को हमेशा सड़क के किनारे फुटपाथ पर चलना चाहिए। बच्चों को सड़क पार करते समय दौड़ना नहीं चाहिए। सड़क हमेशा ज़ेब्रा क्रॉसिंग से पार करनी चाहिए।

सड़क पार करते समय आते-जाते वाहनों का ध्यान रखना चाहिए। अगर ज़ेब्रा क्रॉसिंग नहीं है, तो पहले एक सुरक्षित स्थान पर रुकना चाहिए। उसके बाद सड़क के दाईं व बाईं तरफ देखना चाहिए। अगर इस दौरान सड़क पर कोई वाहन तेज गति में है, तो उसके जाने की प्रतीक्षा करनी चाहिए। फिर जब यह सुनिश्चित हो जाए कि रास्ता पूरी तरह से साफ है, तो ही सावधानी के साथ सड़क पार करनी चाहिए।

1. उपरोक्त सूचना को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर पर घेरा लगाइए -

schools.aglasem.com

aglasem.com

i. बच्चों को सड़क दुर्घटना से बचने के लिए क्या करना चाहिए?

a. हमेशा दौड़कर सड़क पार करनी चाहिए|
b. सड़क के किनारे फुटपाथ पर खेलना चाहिए|
c. कभी भी सड़क पार नहीं करनी चाहिए
d. सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना चाहिए|

ii. सड़क दुर्घटना होने का जोखिम किनमें अधिक रहता है।

a. बस से जाने वाले बच्चों में
b. गाड़ी से जाने वाले बच्चों में
c. पैदल चलने वाले बच्चों में
d. घर पर रहने वाले बच्चों में

iii. सड़क पार करते समय हमें कहाँ चलना चाहिए?

a. ज़ेब्रा क्रॉसिंग पर
b. सड़क के किनारे
c. सड़क के बीच में
d. फुटपाथ पर

iv. 'फुटपाथ' शब्द का क्या अर्थ है?

a. वाहनों का आना-जाना
b. पैदल चलने का रास्ता
c. सड़क सुरक्षा के नियम
d. दुर्घटना होने का जोखिम

v. इनमें से 'सुरक्षित' शब्द के उलटे अर्थ का शब्द कौन सा है?

a. खूबसूरत
b. दुर्घटना
c. खतरनाक
d. सावधानी

2. नीचे लिखी कविता को पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर पर घेरा लगाइए -

schools.aglasem.com

aglasem.com



बाँस एक घास है,
हरी कहीं पीली,
इसी से बनती है,
बाँसुरी सुरीली|

टोप और टोकरी,
बनती इससे झोंपड़ी
लाठी कुर्सी माचा,
और जाने क्या-क्या|

खिड़कियों की चिकें ,
देख-देखकर जिन्हें,
घूम जाए खोपड़ी,
हिरण भूलें चौकड़ी|

प्रभात

आभार-फिरकी बच्चों कीNCERT



i. बाँस का किस रंग का होता है?

a. काला-लाल
b. नीला -पीला
c. हरा-पीला
d. लाल-गुलाबी

ii. इनमें से कौन सी चीज़ बाँस से नहीं बनती है?

a. टोकरी
b. झोंपड़ी
c. चटाई
d. कुरता

schools.aglasem.com

aglasem.com

iii. खोपड़ी किसे कहते हैं?

a. सिर
b. हाथ
c. पैर
d. गर्दन

iv. हिरण की चाल को क्या कहते हैं?

a. टोकरी
b. झोंपड़ी
c. खोपड़ी
d. चौकड़ी

v. इस कविता के लेखक का क्या नाम है?

a. सुभाष
b. प्रभात
c. दीपक
d. विकास
e.

भाग-2 : लेखन (10 अंक)

3. बीमारी के कारण दो दिन के अवकाश हेतु प्रधानाचार्या जी को पत्र लिखिए| 5

सेवा में,

_____

_____

_____

विषय: _____

_____

_____

_____

_____

धन्यवाद,

_____

_____

_____

schools.aglasem.com

aglasem.com

अथवा

अपनी ओर से पंक्तियाँ जोड़कर दी गई कविता को पूरा करिए-

बहुत सयानी चींटी रानी,
मीठी चीजों की दीवानी|
जितनी छोटी उतने गुण,
सदा काम करने की धुन|
एक बार जो दिल से ठाना,
बस पूरा करके दिखलाना|

_____

_____

4. मेरी माँ या मेरे पिता विषय पर पाँच वाक्य लिखिए| 5

_____

_____

_____

_____

_____

_____

_____

अथवा

अपने घर की खिड़की या दरवाजे से बाहर दिखाई देने वाले दृश्य का वर्णन 4-5 वाक्यों में करिए| 5

_____

_____

_____

_____

_____

_____

_____

_____

aglasem.com

schools.aglasem.com

भाग-3 : व्याकरण (10 अंक)

5.

i. 'फूल' के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए|

_____ , _____

ii. इस वाक्य में उचित स्थान पर विशेषण दुबारा लगाकर लिखिए|
'उसके पास साड़ी है|'

_____

iii. इन वाक्यों में भाव वाचक संज्ञा के नीचे रेखा खींचिए|

नेहा और राबिया में दोस्ती है|
उसकी आवाज़ में बहुत मिठास है|

iv. निम्न वाक्य, कारक शब्द (का, की, को, में, से, ने) भरकर पूरा करिए
माँ ___ कल दुकान ____ एक फूलदान खरीदा|

v. इस वाक्य में सही स्थान पर विराम चिन्ह लगाइए|

अरे नहीं उसे सौ में से नब्बे अंक मिलते हैं

भाग-4 :पाठ्यपुस्तक (20 अंक)

6. निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

i. निम्न शब्दों के अर्थ लिखिए -

a. तश्तरी- _____
b. नेकी - _____

रतन अपनी माँ की <u>आँखों का तारा</u> था|

ii. 'आँखों का तारा' मुहावरे का अर्थ लिखिए |

_____

schools.aglasem.com

aglasem.com

iii. यह शब्द किन दो शब्दों के मेल से बना है|

बेबस = _____ + _____

7. दिए गए वाक्यों को उचित शब्द भरकर पूरा करिए - 4

जल-चक्र के चित्र में होती है बहती हुई एक _____ और उसके किनारे बसा हमारा तुम्हारा घर, गाँव या शहर| चारों तरफ़ का पानी नदी अपने साथ लेकर _____ में मिलती है| समुद्र से उठी _____, बादल में बदल जाती है| और पानी, _____ के रूप में बरसकर धरती पर वापिस आ जाता है

8.

बैठक और भोजन कक्ष के बीच कम हवादार अँधेरे गलियारे की बंद-सी कोठरी में स्वामीनाथन की दादी अपने सारे सामान के साथ रहती थीं|

स्वामी की दादी के पास क्या-क्या सामान था? 3

_____

_____

_____

_____

9. बर्फ़ से ढके चट्टानी पहाड़ों के उदास और फीके लगने की क्या वजह हो सकती थी? 3

_____

_____

_____

अथवा

schools.aglasem.com

aglasem.com

उदास, फीके, बर्फ़ से ढके चट्टानी पहाड़ सुबह की पहली किरणों का स्पर्श पाकर ताज की भाँति चमक उठे|

इस वाक्य को सरल शब्दों में लिखकर समझाइए|

_____

_____

_____

10 . दी गई कविता के अंश को पढ़ो और प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 4

न जाने किस अदृश्य पड़ोस से
निकलकर आता था वह
खेलने हमारे साथ -
रतन, जो बोल नहीं सकता था
खेलता था हमारे साथ
एक टूटे खिलौने की तरह

i. क्या रतन की तुलना टूटे खिलौने से करना सही है?

_____

_____

_____

_____

अथवा

aglasem.com

schools.aglasem.com

थोड़ा घबराते भी थे हम उससे
क्योंकि समझ नहीं पाते थे
उसकी घबराहटों को,
न इशारों में कहीं उसकी बातों को,
न उसकी भयभीत आँखों में
हर समय दिखती
उसके अंदर की छटपटाहटों को|

जो बच्चा बोल नहीं सकता, वह किस-किस बात की आशंका से घबराहट महसूस कर सकता है?

aglasem.com

schools.aglasem.com

AglaSem Earn while Learn Program. Send your papers and get paid.
Contact: support@aglasem.com aglasem.com